# श्याम चंदा है श्यामा चकोरी बड़ी सुन्दर है दोनों की जोड़ी

श्याम चंदा है श्यामा चकोरी,
बड़ी सुन्दर है दोनों की जोड़ी.......

श्याम रसिया है श्यामा रसीली,
कृष्ण छलिया है राधा शर्मीली,
कृष्ण काला है राधा है गोरी,
बड़ी सुन्दर है दोनों की जोड़ी,
श्याम चंदा है श्यामा चकोरी,
बड़ी सुन्दर है दोनों की जोड़ी.......

दोनों में प्रेम कितना है ज्यादा,
राधा मोहन है मोहन है राधा,
कृष्ण मन का मधुप राधा भोरी,
बड़ी सुन्दर है दोनों की जोड़ी,
श्याम चंदा है श्यामा चकोरी,
बड़ी सुन्दर है दोनों की जोड़ी.......

कृष्ण गोपाल गोकुल का राजा,
ब्रिज कि सरकार है रानी राधा,
जीवे जीवे इन दोनों की जोड़ी,
बड़ी सुन्दर है दोनों की जोड़ी,
श्याम चंदा है श्यामा चकोरी,
बड़ी सुन्दर है दोनों की जोड़ी.......

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/32106/title/shyam-chanda-hai-shyama-chakori-badi-sundar-hai-dono-ki-jodi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |